

नवभारत 10
इंदौर, शुक्रवार, 02 जनवरी, 2026

## एक नजर में

### श्री चिड़ार समाज ने किया सम्मान



**उज्जैन।** लोको पायलट रेलवे विभाग, उज्जैन के पद से 33 वर्ष की गौरवमई एवं उत्कृष्ट सेवा सफलता पूर्वक पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शिवदयाल बेलिया का सेवानिवृति समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान श्री चिड़ार समाज की और से पूर्व अध्यक्ष भगवानदास ब्रामनिया, प्रेमनारायण आठिया, मोहन चंदेल, मूलचंद सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा शाल, पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

### मैराथन मीटिंग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा

**जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष देखरेख की सलाह दी**



**उज्जैन।** 1 जनवरी को मैराथन मीटिंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में आयोजित की गई। जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष देखरेख की सलाह दी गई एवं चार एएनसी हाई रिस्क गर्भवती व एनीमिया के मैनेजमेंट का संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। एनएमए मोहम्मद रफीक मंसूरी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार ने की। बैठक में बीई दिनेश कुमार पंचोली, बीपीएम किरण मंडलोई, बीसीएम रचना चौहान, एसटीएलएस जगदीश अजमेरी, हेल्थ सुपरवाइजर नारायण शर्मा, केशुराम नागोर, जगदीश परमार, सीएचओ एएनएम एमपीडब्ल्यू आदि उपस्थित थे।

### अभिनेता, लीजेंड स्टैंडअप कॉमेडियन आशीष विद्यार्थी 11 को ठहाका सम्मेलन में देंगे प्रस्तुति

**उज्जैन।** देश के सुप्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता एवं लीजेंड स्टैंडअप



कॉमेडियन आशीष विद्यार्थी 11 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन में अपनी सशक्त एवं मनोरंजक प्रस्तुति देंगे। आशीष विद्यार्थी इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

यह भव्य आयोजन 26वें अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव के अंतर्गत सायं 7 बजे कालिदास संस्कृत अकादमी के मुक्ताकाशी रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय यह महोत्सव 8 से 11 जनवरी तक कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन में संपन्न होगा। डॉ. महेन्द्र यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में नगर के समस्त कवि, साहित्यकार, कलाकार एवं कला–प्रेमी मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप दे रहे हैं। बीते 26 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहा ठहाका सम्मेलन हास्य, साहित्य, कला एवं संस्कृति के संवर्धन का एक प्रतिष्ठित मंच बन चुका है। महोत्सव के अंतर्गत नए एवं उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया जा रहा है। कलाकारों का चयन ऑडिशन के माध्यम से किया जाएगा, जिसके लिए इच्छुक प्रतिभागी कालिदास अकादमी अथवा आयोजन समिति से संपर्क कर सकते हैं। चार दिवसीय महोत्सव में 8 जनवरी को ओपन माइक (कॉमेडी एवं पोएट्री), 9 जनवरी संगीत समारोह, 10 जनवरी नृत्य प्रतियोगिता होगी। उपरोक्त सभी कार्यक्रम सायं 7 बजे से कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में होंगे। वहीं 11 जनवरी प्रातः 9 बजे कवि समागम, जिसमें मंज़र भोपाली, पॉपुलर मेरठी सहित लगभग 200 कवि सहभागिता करेंगे। 11 जनवरी सायं 7 बजे मुक्ताकाशी मंच पर अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन होगा। जिसमें देश के प्रतिष्ठित फ़िल्म कलाकार, स्टैंडअप कॉमेडियन एवं हास्य कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर आशीष विद्यार्थी की प्रस्तुति आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने हेतु गठित समिति में दिनेश दिग्गज, अशोक भाटी, नरेन्द्र सिंह अकेला, सुरेन्द्र सर्किट, कुमार संभव, राहुल शर्मा, सौरभ चातक, आशीष मालवीय, जितेन्द्र जोशी, मनीष सोलंकी, उज्जवल यादव सहित अनेक साहित्यप्रेमी शामिल हैं।

### शिक्षाविद् राकेश भार्गव राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित



**उज्जैन।** अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें अधिवेशन में दिव्यांग जनों के लिए समर्पित शिक्षाविद् राकेश भार्गव को उनके उल्लेखनीय एवं सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन के अवसर पर उन्हें राधा रानी प्रयाग नारायण भार्गव (आगरा) स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान में प्रशस्ति पत्र, चांदी का मेडल एवं स्मारिका प्रदान की गई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भार्गव सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव, कोषाध्यक्ष विजय भार्गव, उपाध्यक्ष मोहित भार्गव, अजय भार्गव, डॉ. विवेक भार्गव, अखिलेश भार्गव आदि उपस्थित थे। यह सम्मान उनके द्वारा समाज, शिक्षा एवं दिव्यांगजनों के लिए किए गए सतत और प्रेरणादायी कार्यों का प्रतीक है। भार्गव प्राचार्य पद से सेवानिवृत होने के पश्चात भी निरंतर समाज सेवा में सक्रिय हैं।

### भारत से शिवकृपानंद स्वामी की कमिटी मेम्बर के तौर पर नियुक्ति

**उज्जैन।** हाल ही में 21 दिसंबर 2025 के दिन को पूरे विश्व में ध्यान दिवस के तौर पर मनाया गया। वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन की पूरे विश्व की मेडिटेशन एक्सपर्ट कमिटी में भारत से हिमालयीन समर्पण ध्यानयोग के प्रणेता शिवकृपानंद स्वामी की कमिटी मेम्बर के तौर पे नियुक्ति की है। स्वामी ने सालों तक हिमालय में साधना करके जो ज्ञान पाया, वह पिछले 31 साल से समाज में ध्यान सीखाकर बांट रहे हैं। स्वामी के ज्ञान को महत्वपूर्ण मानते हुए वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमिटी और जुंगटो सोसायटी ने दूसरे वर्ल्ड मेडिटेशन डे फोरम में एक प्रतिष्ठित वक्ता के तौर पर स्वामीजी को आमंत्रित किया है। यह कार्यक्रम दक्षिण कोरिया के सियोल में जुंगटो सोशियल एन्ड कल्चरल सेंटर में 20 और 21 मार्च, 2026 को होगा।

# छात्राओं ने की नए साल की शुरूआत योग से

**उज्जैन।कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन के क्रीड़ा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी घनेंद्र चौधरी एवं वामिका एलुमनाई एसोसिएशन की प्रभारी डॉ. लीना शाह के संयुक्त संयोजन में 15 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ।**




अतिथियों के स्वागत उपरांत शिविर के संयोजक घनेंद्र चौधरी ने योग शिविर की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसके मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया।


वामिका एलुमनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. चित्ररेखा जैन ने कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किए जाते हैं, अतः सभी छात्राओं को सक्रिय सहभागिता कर अधिकतम लाभ लेना चाहिए।

योग शिविर में प्रशिक्षण प्रदान कर रहीं योगाचार्य अलका राठौर ने बताया कि 15 दिनों के इस शिविर में नियमित योगाभ्यास के साथ–साथ योग के माध्यम से विभिन्न रोगों से बचाव एवं स्वास्थ्य संवर्धन के उपाय भी सिखाए जाएंगे। उन्होंने छात्राओं से नियमित उपस्थिति की अपील की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वास्थ्य और संतुलन बनाए रखने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने वाली समग्र जीवन–पद्धति है। उन्होंने छात्राओं से योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी छात्राओं ने डॉ. मधुबाला राठौर के नेतृत्व में जल संरक्षण विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपा भावसार ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री घनेंद्र चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## संयुक्त पंजीयक की सेवानिवृत्ति पर अभिनंन्दन

**उज्जैन।** सहकारिता विभाग में संयुक्त पंजीयक पद से 25 दिसंबर को सेवानिवृत हुए अमरेशकुमारसिंह का उज्जैन परस्पर सरकारी बैंक के अध्यक्ष अनिलसिंह चंदेल, उपाध्यक्ष हरदयालसिंह एडवोकेट, एसएम शर्मा, पुरुषोत्तम मिस्त्री, रामसंखला, गीता रामी, निशा त्रिपाठी, मोतीलाल निर्मल, राजेश गुप्ता, घनश्याम सक्सेना, वीरेंन्द्रसिंह पंवार प्रभारी मुख्य महाप्रबंधकपंकज कवठेकर, एसएन सोमानी, प्रबंधक– शिरोमणि नवल आदि ने साफा बांधकर अभिनंन्दन पत्र के साथ शाल, श्रीफल तथा पुष्पमालाओं से अभिनंन्दन किया। सिंह ने 22 मई 1992 को पदभार ग्रहण किया था। लगभग 33 वर्षों तक सेवाएं देने के उपरांत 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए। सिंह ने इस अवसर पर कहा कि महाकाल की कृपा से मेरे कार्यकाल को सफल बनाने के लिए अधीनस्थों सहित सभी वर्गों का सहयोग मिला ।

## श्रीराम मंदिर में लगाया छप्पन भोग

**उज्जैन। बसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में अध्यक्ष राजेन्द परब के नेतृत्व में विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी 1 जनवरी गुरुवार को नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में श्रीराम मंदिर बसंत विहार में छप्पन भोग प्रसादी का आयोजन किया गया।**



मंच सहसचिव नरेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि छप्पन भोग के पहले पंडित शिव शंकर चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्र की तरक्की, सुख समृद्धि के लिए हवन पूजन किया गया एवं छप्पन भोग आयोजन में बसंत बिहार कॉलोनी के सभी गणमान्य नागरिक, महिला, बच्चे एवं बच्चियों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे एवं ईस्वी नव वर्ष के उपलक्ष्य में प्रभु श्रीराम से सम्पूर्ण देशवासियों एवं कालोनीवासियों की सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि, खुशहाली की कामना की।

कॉलोनी के समस्त भक्तगणों ने छप्पन भोग प्रसाद में सहभागिता की। श्रीराम भोग आरती, छप्पन भोग प्रसादी वितरण में कॉलोनी के सभी भक्तगणों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता दर्ज कराई।

कार्यक्रम में मंच की ओर से परामर्शदाता के सी शर्मा, जी के जायसवाल, मुकेश कुंभकार, रमेश चंद्र कुमावत, प्रकाश जेठवानी, लोकेंद्र सिंह बैस, जे एस पाण्डेय, हरीश गाडगे, देवेंद्र राय, एन के गर्ग, जगदीश शर्मा, जेपी शर्मा, जगदीश कुमावत, उल्हास बख्शी, वासुदेव सोनी, डॉ. महेश शर्मा, दिनेश चन्द्र जैन, नरेंद्र कुमावत, विजय प्रजापत, शशिकांत जोशी, अशोक गुप्ता, वासुदेव सोनी, नंदकिशोर सोनी, प्रकाश शाह, श्याम सुन्दर गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कार्यक्रम में महिला मंडल की ओर से पदमा परब, राय, बैस, मीना चौरसिया, शोभना वहराडकर, गुप्ता मेडम, गौड़, गर्ग मेडम, जवखेकर, केलकर, सोलंकी, अंधारे, सोनकुसरे ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाया।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन को लेकर विधानसभा क्षेत्र में हर्ष का माहौल


**खाचरौद। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज खाचरौद आगमन पर नगर में विभिन्न विकास कार्यों सहित 32 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण व 9 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले स्थानीय नवीन तहसील भवन व जनपद पंचायत भवन के भूमिपूजन करने पधार रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नगर आगमन से क्षेत्र के किसानों सहित नगर के जन मानस में उत्साह का माहौल है।**



ग्रामीण क्षेत्रवासियों को उम्मीदें

वैसे देखा जाए तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खाचरौद क्षेत्र से भली भांति रूप से परिचित हैं। यहां की सबसे बड़ी जरूरत युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की हे गांव फ़र्नाखेड़ी को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। किंतु क्षेत्र में अब तक किसी भी प्रकार के उद्योग की स्थापना नहीं हो पाई है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान व मुख्यमंत्री डॉ. यादव शीघ्र ही उपरोक्त क्षेत्र में कोई बड़े उद्योगों की स्थापना की पहल कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करेंगे।

साथ ही उपरोक्त क्षेत्र में मटर सहित अन्य उत्पादन काफी बहुतायत में होता है। किंतु वर्षों से क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग उद्योग की मांग किसानों द्वारा की जा रही है। पूर्व के भी जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त मांग की जा रही है। किंतु अभी तक फूड प्रोसेसिंग उद्योग के संबंध में कोई व्यापक पहल नहीं हो पाई है। जिले के मुख्यमंत्री होने से किसानों सहित जनप्रतिनिधियों को उम्मीद है कि फूड प्रोसेसिंग उद्योग को लेकर भी मुख्यमंत्री कोई बड़ी घोषणा करेंगे। वहीं नगर के एकमात्र चिकित्सालय में भवन होने के बाद भी सुविधाओं व डॉक्टर स्टाफ की दरकार है। नगर सहित ग्रामीणजन को को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अभी भी उज्जैन नागदा और रतलाम पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर समुचित चिकित्सकों का अभाव होने से स्थानीय व ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को भटकना पड़ता है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री यादव स्थानीय चिकित्सालय में डाक्टरों व स्टाफ सहित अन्य संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी को घोषणा करेंगे।



## संस्कारों के बिना की गई भक्ति निष्फल हो जाती

**घट्टिया। बिना संस्कार के की गई भगवान की भक्ति, जप, तप, ध्यान व सत्संग निष्फल हो जाता है। कलियुग में भगवान का भजन, सत्संग व नाम जप ही हमें आवागमन के बंधनों से मुक्त कर सकता है जीवन में जो भी सत्य है वहीं शिव का स्वरूप है।**

उक्त उद्गार जगोटी घटिया मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष ललितपुर उत्तरप्रदेश के कथा वाचक पं. प्रदीप संज्ञा ने गुरुवार को व्यक्त किए।

आपने कहा कि देश में कुछ कथित कथाकारों द्वारा शिव महापुराण के नाम पर अंध विश्वास व कथित टोने–टोटके परोसें जा रहें हैं जबकि भगवान शिव निर्मल मन व सच्चे हृदय से की पूजा अर्चना से प्रसन्न होकर भक्तों को अभीष्ट वरदान देते हैं।

कथा का श्रवण लाभ लेने पहुंचे नंदकिशोर उपाध्याय, रामप्रसाद पांडे, हाकमसिंह आंजना, रामचंद्र आंजना, भगवतीप्रसाद जोशी, कैलाश काका गट्टानी, मोहनलाल हेड़ा, अनंत शर्मा, नरेंद्र गट्टानी, गोपाल हेड़ा, यशवंत सिंह बापू, रतनसिंह चौधरी, उमेश गेहलोत आदि कथा प्रवक्ता का सम्मान करते हुए व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। संचालन सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधान आचार्य सुनील कुमार राठौर ने किया।

**एक नजर** — नव वर्ष के उपलक्ष में धर्मनगरी उज्जैन में भी जगह–जगह कई तरह के आयोजन संपन्न हुए

# महाराज अग्रसेन की आरती कर किया नव वर्ष का शुभारंभ

**उज्जैन। अग्रवाल नवयुवक मंडल ने कुलदेवी मां लक्ष्मी एवं पितृ पुरुष महाराज अग्रसेन की आरती कर किया नव वर्ष का शुभारंभ। तिलक लगाकर दी नव वर्ष की शुभकामनाएं गुरुवार से अंग्रेजी नव वर्ष का शुभारंभ हो गया नव वर्ष के उपलक्ष में धर्मनगरी उज्जैन में भी जगह-जगह कई तरह के आयोजन संपन्न हुए।**



श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा मोदी गली स्थित अग्रवाल भवन में अग्रवाल पंचायत न्यास के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के ऊर्जावान अध्यक्ष इंद्रेश संजय अग्रवाल के संयोजन में अंग्रेजी नव वर्ष पर अग्रवाल समाज के पितृ पुरुष श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी मां लक्ष्मी जी की भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग, संजय अग्रवाल, निमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, दीपक मित्तल, शैलेंद्र मित्तल, गोपाल अग्रवाल, गोविंद गोयल, जय किशन अग्रवाल, मधुर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर पित्र पुरुष श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी मां लक्ष्मी का पूजन कर महा आरती संपन्न की। ननवयुवक मंडल ने सभी समाज जनों को तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। आपको बता दे कि अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अध्यक्ष इंद्रेश संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में वर्ष भर कई तरह के सामाजिक धार्मिक एवं सेवा प्रकल्प के कार्य किए जाते हैं। इसी क्रम में 10 जनवरी को अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा समाज जनों को सभी के आराध्य प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु अयोध्या ले जाया जा रहा है।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के सचिव दीपेश अग्रवाल, आयुष चौधरी, महेश अग्रवाल, प्रियेश अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, नवीन जैन, मोहित गर्ग, प्रतीक अग्रवाल, अवध सिंहल, राजेश अग्रवाल, नितिन सिंहल, संदीप अग्रवाल, नवीन गुप्ता, यश अग्रवाल, अंकुर गर्ग, अक्षत अग्रवाल, पवन अग्रवाल उपस्थित रहे। अंत मे लकी ड्रॉ खोला गया। जिस का संयोजन आदित्य जैन ने किया।